भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5415

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

नदियों की सफाई

5415. श्री मितेश रमेशभाई पटेल (बकाभाई):

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात में आणंद क्षेत्र में महिसागर नदी सहित देश में नदियों की सफाई के मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त कार्य कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग) नदी की सफाइ एक सतत प्रक्रिया है और भारत सरकार वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके नदियों के प्रदूषण की चुनौतियों का सामना करने में राज्य सरकारों के प्रयासों को सहायता दे रही है। गंगा बेसिन में नदियों के लिए 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के तहत और अन्य बेसिनों में नदियों के लिए राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

विभिन्न नदियों के किनारे स्थित शहरों में प्रदूषण निवारण कार्य शुरू करने के लिए गंगा बेसिन परियोजना से बाहर की नदियों के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं और स्कीम दिशा-निर्देशों के साथ उनकी अनुरूपता, प्रदूषण स्थिति, प्राथमिकीकरण, स्वतंत्र संस्थानों द्वारा मूल्यांकन और योजना निधि की उपलब्धता के शर्ताधीन एनआरसीपी के तहत वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है।

एनआरसीपी के तहत वित्तीय सहायता की मांग करते हुए गुजरात सरकार से महीसागर नदी के प्रदूषण निवारण के लिए कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****